CMYK

Website : www.highwaychannel.in


छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 37 □ रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू

### 36 स्टूडेंट्स नहीं बैठ पाए, प्रवेश पत्र अमान्य



**रायपुर**, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में आज से 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू हो गया है। सुबह 9 बजे से परीक्षा शुरू हो गई है और 12-15 बजे तक चली। प्रदेश में इस बार लगभग दो लाख 40 हजार से अधिक छात्र 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। बता दें कि आज पहला पेपर हिंदी का है। परीक्षार्थी सुबह 9 बजे अपने परीक्षा केंद्र में पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आगामी दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान और परिश्रम की परख ही नहीं, बल्कि संयम और आत्मविश्वास की भी परीक्षा होती है। मुख्यमंत्री साय ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे तनावमुक्त और सकारात्मक मानसिकता के साथ परीक्षा दें, क्योंकि आत्मविश्वास और सतत अभ्यास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या, संतुलित आहार और पर्याप्त विश्राम परीक्षा की तैयारी में उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने कि पढ़ाई के घंटे। मुख्यमंत्री ने माता-पिता और शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रेरित करें और उनका मनोबल बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाना आवश्यक है कि परीक्षा केवल एक पड़ाव है, न कि मंज़िल। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और धैर्यपूर्वक निरंतर प्रयास

**मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं**

से जीवन में बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आप सभी बिना भय के पूरी लगन, पूर्ण आत्मविश्वास और मनोयोग से परीक्षा दें। निश्चित रूप से आप लोगों को सफलता हासिल होगी।

इधर बिलासपुर से मिली जानकारी के अनुसार बोर्ड ने परीक्षा से 24 घंटे पहले बिलासपुर के 36 छात्रों का एडमिट कार्ड निरस्त कर दिया। जिससे वे नियमित छात्र के तौर पर एग्जाम नहीं दे पाएंगे। तिलक नगर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल के 36 छात्रों का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया था लेकिन 75 प्रतिशत से कम अटेंडेंस का हवाला देते हुए बोर्ड ने उनके प्रवेश पत्र को अमान्य कर दिया है। हालांकि इस घटना के बाद छात्र और उनके परिजनों ने स्कूल पहुंचकर खूब हंगामा किया। मामला उपमुख्यमंत्री अरुण साव तक पहुंचा। एबीवीपी ने अपने ही सरकार के खिलाफ आवाज उठाई। जिसके बाद नतीजा ये निकला कि छात्र नियमित नहीं बल्कि प्राइवेट परीक्षा देंगे।

## सुकमा जंगल में गोलीबारी चारों तरफ गोलियों की गूंज



**सुकमा**, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। नक्सलियों और जवानों के बीच लगातार मुठभेड़ की खबरें सामने आ रही हैं। शनिवार को पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां सुकमा में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ एक बार फिर से शुरू हो गई है। एनकाउंटर को लेकर जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सुकमा के किस्ताराम थाना क्षेत्र में गोलियों की गूंज सुनाई दे रही है। यहां सुरक्षबलों के साथ एंटी-नक्सलाइट ऑपरेशन की टीम नक्सलियों से मोर्चा लिए हुए है। घटना को लेकर जानकारी देते हुए एक अधिराकारी ने बताया कि सुकमा में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और कोबरा के जवान नक्सलियों के साथ गोलीबारी में डटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ दोनों टीमों ने मिलकर ऑपरेशन शुरू किया था। टीम को सूचना मिली थी कि इलाके में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद शनिवार को सुबह ही गोलियों की गूंज से इलाका सहम गया।

## व्यावसायिक गैस सिलेंडर हुआ महंगा



**नई दिल्ली**, 1 मार्च (न्यूज चैनल)। मार्च से महंगाई का एक और झटका लगा है, क्योंकि पेट्रोलियम कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि कर दी है। इंडियन ऑयल (ढ्ढह्रष्ट) ने सिलेंडर की कीमत में 6 रुपये की बढ़ोतरी की है, जो आज से लागू हो गई है। हालांकि, 14 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने से होटल और रेस्टोरेंट्स पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जिसका असर अंतत: ग्राहकों पर भी पड़ सकता है, क्योंकि इससे खाने-पीने की चीजों की कीमतों में इजाफा हो सकता है। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी की गई है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में घरेलू सिलेंडर की कीमत 803 रुपये, कोलकाता में 829 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में घरेलू सिलेंडर की कीमत 818.50 रुपये है। इस वृद्धि से खासकर रेस्टोरेंट और होटल इंडस्ट्री पर असर पड़ने की संभावना है, क्योंकि उन्हें अधिक लागत का सामना करना होगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### किसान समृद्ध और सशक्त हो : मोदी

**नई दिल्ली**, 1 मार्च (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को %कृषि और ग्रामीण समृद्धि% विषय पर वेबिनार को संबोधित किया। बजट के बाद के इस वेबिनार में पीएम मोदी ने कहा, इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे टर्म का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट में हमारी नीतियों में निरंतरता दिखी ही है, साथ ही विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा है। विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत के संकल्प बहुत स्पष्ट हैं। हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हो, किसान सशक्त हो।% उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे। हर एक किसान को आगे बढ़ाएं। हमने कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए अपने अन्नदाताओं को गौरवपूर्ण स्थान दिया है। हम दो बड़े लक्ष्यों की ओर एक साथ बढ़ रहे हैं- पहला, कृषि सेक्टर का विकास और दूसरा, हमारे गांवों की समृद्धि। पीएम किसान सम्मान निधि योजना 6 साल पहले लागू की गई थी। इस योजना के तहत लगभग पौने 4 लाख करोड़ रुपए किसानों को मिल चुके हैं। इतनी राशि करीब-करीब 11 करोड़ किसानों के खाते में सीधे पहुंचाई गई है।

### हॉस्पिटल की बंद पड़ी लिफ्ट में मरीज की लाश मिली

जगदलपुर, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। जगदलपुर में स्थित डिमरापाल मेडिकल कॉलेज की बंद पड़ी लिफ्ट में एक मरीज की लाश मिली है। बताया जा रहा है कि वह इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज से कहीं चला गया था। परिजन उसे ढूंढ रहे थे। वहीं 8 दिनों के बाद उसकी लाश बरामद की गई है। उसकी मौत कैसे हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं है। मामला जिले के परपा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, युवक का नाम प्रकाश इजागिरी (40) है। ये बीजापुर जिले के नैमेड इलाके का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि यह मानसिक रूप से बीमार था। परिजन 16 फरवरी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आए थे। जहां इसे मेल वार्ड में भर्ती किया गया था। वहीं इसका इलाज जारी था।

## मस्जिद में जोरदार बम धमाका, 5 लोगों की मौत, 20 गंभीर रूप से घायल



**नई दिल्ली**, 1 मार्च (न्यूज चैनल)। शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में तालिबान समर्थक मदरसे में एक मस्जिद में शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है।

जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल रशीद ने बताया कि विस्फोट खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अकोरा खट्टक जिले में हुआ। उन्होंने बताया कि जमीयत-ए-उलेमा इस्लाम (जेयूआई) पार्टी के एक धड़े के प्रमुख हमीदुल हक भी मृतकों में शामिल हैं। रशीद ने बताया कि अधिकारी जांच कर रहे हैं और मृतकों और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।


मारे गए मौलवी हक मौलाना समीउल हक के बेटे हैं, जिन्हें तालिबान के पिता के रूप में जाना जाता है, जिनकी 2018 में उनके घर पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई थी। हक के परिवार ने शुक्रवार के हमले में उसके मारे जाने की पुष्टि की है और उसके अनुयायियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। हक जामिया हक्कानिया मदरसा का भी प्रभारी था, जहां पिछले दो दशकों में कई अफगान तालिबान ने अध्ययन किया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की और अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम संभव उपचार उपलब्ध कराने का आदेश दिया। प्रांतीय पुलिस प्रमुख जुल्फिकार हमीद ने कहा कि यह हमला स्पष्ट रूप से आत्मघाती बम विस्फोट था, लेकिन बम निरोधक विशेषज्ञ अभी भी जांच कर रहे हैं। किसी भी समूह ने तुरंत जिम्मेदारी नहीं ली है।




चूहा- सुनती हो, केजरीवाल राज्यसभा में जाने का जुगाड़ लगा रहे हैं।

चुहिया- हां जी, एक बार सत्ता की चासनी में डूब गए हैं तो रहा नहीं जाता...!

## छत्तीसगढ़ में पहली बार दिखा दुर्लभ पक्षी ब्लैक-नेक्ड ग्रीब, पानी पर तैरते हुए बनाते हैं घोंसले



**खैरागढ़**, 1 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में पहली बार दुर्लभ पक्षी ब्लैक-नेक्ड ग्रीब देखा गया है, जो प्रदेश की जैव विविधता के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. बिलासपुर के कोपरा डैम में इसकी मौजूदगी दर्ज की गई है. यह पक्षी विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी खोज मानी जा रही है. छत्तीसगढ़ में इस दुर्लभ पक्षी के दिखने का यह पहला रिकॉर्ड है। तस्वीरों को विशेषज्ञों और विश्वसनीय वैज्ञानिक स्रोतों से मिलाने के बाद पुष्टि हुई कि यह वास्तव में ब्लैक-नेक्ड ग्रीब ही है. इस खोज के बाद, बड़ी संख्या में पक्षी प्रेमी और शोधकर्ता कोपरा डैम पहुंचने लगे. अनुराग विश्वकर्मा और उनकी टीम द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया कि यहां 113 पक्षी प्रजातियों की मौजूदगी दर्ज की जा चुकी है, जिनमें पेंटेड स्टॉर्क, वूली-नेक्ड स्टॉर्क, मिस्र का गिद्ध, यूरेशियन कर्ल्यू और ब्लैक-टेल्ड गॉडविट जैसी महत्वपूर्ण प्रजातियां शामिल हैं. लेकिन अब ब्लैक नेक्ड ग्रीब का यहां देखे जाने से पक्षी विज्ञानियों की जिज्ञासा बढ़ा दी है।

ब्लैक-नेक्ड ग्रीब अपनी अनूठी बनावट के कारण आसानी से पहचाना जा सकता है. इसकी गहरी लाल आंखें, माथे का उठा हुआ भाग और सिर पर काले रंग की टोपी जैसी आकृति, जो आंखों के नीचे तक फैली होती है, इसे अन्य ग्रीब प्रजातियों से अलग बनाती है. यह आकार में छोटे लिटिल ग्रीब और बड़े ग्रेट क्रेस्टेड ग्रीब के बीच होता है. यह पक्षी आमतौर पर यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के ठंडे इलाकों में पाया जाता है और सर्दियों में प्रवास करते हुए भारत के कुछ हिस्सों में पहुंचता है. यह पानी पर तैरते हुए घोंसले बनाता है, जो जलीय पौधों और घास से बने होते हैं. हर साल, इसके उड़ने वाले पंख झड़ जाते हैं, जिससे यह 1-2 महीने तक उड़ नहीं पाता. दिलचस्प बात यह है कि यह दुनिया के सबसे सामाजिक ग्रीब प्रजातियों में से एक है और हजारों की संख्या में झुंड बनाकर प्रवास करता है. खासकर सर्दियों में जब यह नमकीन समुद्री झीलों की ओर जाता है।




CMYK